JAIPUR METRO

जयपुर मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड

एडमिन बिल्डिंग, मेट्रो डिपो, भृगु पथ, मानसरोवर, जयपुर–302020
E-mail: pro@jaipurmetrorail.in, **Phone No:** 0141-2822760

2023/11/395–प्रेस विज्ञप्ति दिनांकः 29/11/2023

भारतीय तकनीकी और आर्थिक निगम (ITEC) कार्यक्रम के तहत् इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेटिव (IIPA) के विदेशी प्रतिनिधी दल का जयपुर मेट्रो दौरा।

जयपुर 29 नवम्बर। भारत सरकार के इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेटिव (IIPA) द्वारा भारतीय तकनीकी और आर्थिक निगम (ITEC) कार्यक्रम के तहत् 37 विदेशी प्रतिनिधियों के दल ने हेरिटेज संरक्षण के अध्ययन एवं चर्चा हेतु जयपुर मेट्रो का दौरा किया।

मानसरोवर मेट्रो डिपो पहुंचने पर प्रतिनिधी दल के साथ सभागार चिन्तन हॉल में एक चर्चा सत्र आयोजित किया गया। जिसमें हेरिटेज संरक्षण के दौरान आई बाधाओं तथा उनके उन्नमूलन पर विस्तृत जानकारी दल को दी गई। दल के सभी प्रतिनिधियों ने चर्चा व प्रश्न/उत्तर वार्त्ता सत्र में भाग लिया। इस दौरान जयपुर मेट्रो के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक तथा चारों पूर्णकालिक निदेशकगण उपस्थित रहें। उसके उपरान्त ऑपरेशनल कमांड सेंटर (OCC) एवं डिपो वर्कशॉप का अवलोकन किया व जानकारी एकत्रित की।

इसके पश्चात् दल ने मानसरोवर मेट्रो स्टेशन से छोटी चौपड़ मेट्रो स्टेशन तक की जयपुर मेट्रो द्वारा यात्रा की तथा छोटी चौपड़ स्थित ऑर्ट गैलेरी में स्कल्पचर, पेटिंग्स, कुंड के अवशेष, चौपड़ में खुदाई के दौरान निकले पुरातत्व अवशेष, गोमुखों एवं प्रदेश के विभिन्न जिलों से लाये गये पुरातत्व महत्व की वस्तुओं को सहजने व संरक्षित करने की जानकारी दी।

जयपुर मेट्रो के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री पी.रमेश ने (IIPA) के सभी विदेशी सरकारी प्रतिनिधियों की टीम का धन्यवाद ज्ञापित किया और उन्होनें बताया कि मेट्रो प्रशासन विरासत के संरक्षण तथा जयपुर शहर के चारदिवारी क्षेत्र के मूल ऐतिहासिक स्वरूप को बनाए रखने एवं संरक्षित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

जनसंपर्क अधिकारी
जयपुर मेट्रो